01. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन की कल अंतिम तारीख। प्रत्याशी तेईस अक्टूबर तक नाम वापस ले सकते हैं।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अक्टूबर को बेगूसराय और समस्तीपुर में चुनावी सभाओं से एनडीए के लिए प्रचार की शुरूआत करेंगे।

03. विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट समझौते पर विवाद जारी। भाजपा ने महागठबंधन पर पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया।

04. और, दीपावली को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का वातावरण। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीपावली पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन का कार्य जारी है। दूसरे चरण के लिए कल नामांकन की अंतिम तारीख है। दूसरे चरण के चुनाव में राज्य के बीस जिलों में एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में ग्यारह नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण के लिए प्रत्याशी तेईस अक्टूबर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। इधर, पहले चरण के चुनाव के लिए एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्र में नामांकन वापस लेने का कल अंतिम दिन है। भाजपा और जदयू ने चुनाव प्रचार में अपने स्टार प्रचारकों को लगा दिया है। दीपावली के बाद चुनाव प्रचार में और तेजी आने की संभावना है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस अक्टूबर को बेगूसराय और समस्तीपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के चुनावी दौरे से एनडीए के घटक दलों को नई मजबूती मिलेगी।

–––बाइट–––

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। प्रमुख उम्मीदवार में मढ़ौरा से लोजपा, रामविलास की प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द कर दिया गया है। पहले चरण के लिए अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए एक हजार छह सौ अंठानवे नामांकन पर्चे भरे गए थे। इस चरण के लिए छह नवंबर को मतदान होगा।

---

चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों से कहा है कि वे बिहार में समूची चुनाव प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किये जा सकें। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि उसने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए एक सौ इक्कीस सामान्य पर्यवेक्षक और अठारह पुलिस पर्यवेक्षक तथा दूसरे चरण के लिए एक सौ बाईस सामान्य पर्यवेक्षक और बीस पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किये हैं। पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं की शिकायतों के समाधान के लिए पूरी तरह से उपलब्ध रहें। पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा किये गये उपायों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। समाचार कक्ष से रजनीकांत चौधरी।

---

राज्य में पुलिस और विभिन्न एजेंसियों की ओर से कड़ाई से जांच की जा रही है। छह अक्टूबर को विधान सभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में दो करोड़ तिहत्तर लाख़ रुपए नगद राशि और बाईस करोड़ से अधिक की शराब जब्त की गई है। वहीं, सोलह करोड़ इक्कीस लाख रुपए से अधिक के मादक पदार्थ और नशे के सामान और पांच करोड़ रुपए से अधिक की कीमती धातुएं भी जब्त की गयी। कार्रवाई के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए ले जाये जा रहे लगभग बारह करोड़ के उपहार, फ्रीबीज जब्त भी किए गए हैं।

---

बिहार विधान सभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर विवाद और गहरा हो गया है। पहले चरण का नामांकन समाप्त होने के बाद कई सीटों पर कांग्रेस, राजद, वीआईपी और वाम दलों के उम्मीदवार एक दूसरे के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं। हालांकि राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि गठबंधन

के दलों के बीच सीट बंटवारे पर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सभी दलों के शीर्ष नेता बैठकर इस मुद्दे को सुलझा लेंगे।

———बाइट———

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आरोप लगाया है कि महागठबंधन में पैसे लेकर टिकट बेचे जा रहे हैं। श्री जायसवाल ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अगर टिकट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में इतने मतभेद है, तो ये सरकार कैसे चलायेंगे।

———बाइट———

---

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के खिलाफ राजद की ओर से अपना उम्मीदवार उतारने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि महागठबंधन में कुछ भी ठीक नहीं है। श्री चौधरी ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि महागठबंधन के घटक दलों के बीच केवल स्वार्थ का गठबंधन है।

———बाइट———

---

पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है। श्री यादव ने आज पटना में कहा कि कुछ बड़ी ताकतें इस गठबंधन को तोड़ने की साजिश कर रही हैं लेकिन महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है।

———बाइट———

---

झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेएमएम के महागठबंधन से अलग होने पर पार्टी के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि जेएमएम आत्मसम्मान से कभी समझौता नहीं करता। श्री पांडेय ने कहा कि उचित सम्मान के बिना किसी गठबंधन में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है।

———बाइट———

---

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने आज बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने पच्चीस उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी के प्रदेश अधक्ष अख्तरुल इमान पूणिर्या के अमौर सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने अररिया से मोहम्मद मंजूर आलम, कस्बा से शाहनवाज आलम, बहादुरगंज से तौसीफ आलम, मुंगेर से डॉ. मुनाजिर हसन और जाले से फैसल रहमान को उम्मीदवार बनाया है।

---

शेखपुरा जिले के बरबीघा विधानसभा क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक मेघना यादव ने आज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

अरवल जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सदर प्रखंड अरवल में ममता और आशा कार्यकर्ताओं और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने मतदान करने का शपथ लिया।

दरभंगा के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने आज जिले के जनवितरण प्रणाली के डीलरों को मतदान के लिए शपथ दिलाई।

दीपावली के मौके पर मधुबनी के जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वे लोकतंत्र के नाम एक दीप जलाएं और मतदान थीम पर रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दें।

---

दीपावली को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। दीपावली को लेकर हर ओर उल्लास और उमंग का वातावरण है। बाजारों में रौनक बढ़ गयी है। पटना सहित विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि लोग लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियां, मिट्टी के दीये, खिलौने और पूजन सामाग्री की खरीदारी कर रहे है। स्वास्थ्य विभाग ने दीपावली और छठ महापर्व को लेकर सभी चिकित्सकों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। पीएमसीएच, आईजीआईएमएस, एनएमसीएच और पटना एम्स सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में इर्मजेंसी सेवाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगीं। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि आग से जलने, झुलसने या घायल होने वाले मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को इससे जुड़ी दवाएं और अन्य संसाधनों का पूरा स्टॉक रखने का निर्देश दिया गया है। इधर, पटना के पैंतालीस स्थानों पर दमकल के अस्सी वाहन तैनात रहेंगे।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रकाश पर्व दीपावली की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकाश पर्व दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई के विजय का प्रतीक है। श्री कुमार ने प्रदेशवासियों से प्रकाश पर्व दीपावली को पारस्परिक सौहार्द्र, सदभाव और उल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया है।

---

इधर, दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में आज भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। दीपोत्सव के तहत छब्बीस लाख ग्यारह हज़ार एक सौ एक दीप प्रज्ज्वलन कर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। इस दौरान भारत में निर्मित ग्यारह सौ ड्रोन की मदद से ड्रोन शो, लेज़र शो और थ्री–डी प्रोजेक्शन मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। दीपोत्सव के दौरान एक विशेष शोभायात्रा भी निकाली गयी, जिसमें रामायण के सात कांडों पर आधारित झांकियों का भव्य प्रदर्शन किया गया।

---

रेलवे त्योहारी सीज़न के दौरान बिहार और उत्तर प्रदेश सहित उत्तर भारत के विभिन्न स्थानों के लिए सत्रह सौ से अधिक विशेष ट्रेनें चला रहा है। इसका उद्देश्य दिवाली और छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना है।

---

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर निर्मित होल्डिंग एरिया यात्रियों के अनुभव में उल्लेखनीय सुधार ला रहा है। श्री वैष्णव ने त्योहारों के दौरान भीड़ प्रबंधन का निरीक्षण करने के बाद कहा कि होल्डिंग एरिया, यात्री सुविधा केंद्र का हिस्सा है।

———बाइट——

जो होल्डिंग एरिया बनाया था, ये सारा पैसेंजर यात्री सुविधा केंद्र और बड़ा एरिया है। बहुत सारे इसमें टिकट काउंटर्स है, बहुत सारे टॉयलेट्स हैं, खूब अच्छा हवादार एरिया है और जो लोगों के आने–जाने का तरीका है वह भी एकदम जिगजैग तरीके से बहुत ही व्यवस्थित तरीके से बहुत ही ऑर्गेनाइज्ड तरीके से है तो उसका बहुत बैनिफिट मिल रहा है। लोग बहुत आराम से अंदर जा पा रहे हैं।

---

अररिया जिले के सिकटी सीमा चौकी पर भारत और नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसएसबी बावनवीं बटालियन के कमांडेंट महेन्द्र प्रताप ने की। बैठक के बाद भारत के एसएसबी जवानों ने नेपाल एपीएफ के प्रतिनिधियों को दिवाली की बधाई देते हुए मिठाई भेंट की।

---

प्रदेश के मौसम में धीरे–धीरे बदलाव हो रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार अगले सप्ताह से ठंड में वृद्धि होने की सम्भावना है। ला–नीना के कारण इस वर्ष ठंड का मौसम अधिक दिनों का होगा। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

---

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि दवा और बायोटेक्नॉलोजी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक दवा नेफिथ्रोमाइसिन विकसित कर ली है। नई दिल्ली में कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि यह दवा विशेष रूप से कैंसर रोगियों और अनियंत्रित मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने एक अन्य प्रमुख वैज्ञानिक उपलब्धि – हीमोफीलिया के उपचार में जीन थेरेपी के सफल स्वदेशी नैदानिक परीक्षण की भी जानकारी दी।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने छात्रों के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। अब दसवीं और बारहवीं के छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट के लिए अलग से आवेदन नहीं करना होगा। बोर्ड यह सर्टिफिकेट डिजिलॉकर पर उपलब्ध करायेगा। सीबीएसई ने बताया है कि दो हजार छब्बीस से बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी नहीं दी जाएगी। बोर्ड के अनुसार रिजल्ट घोषित होने के तुरंत बाद माइग्रेशन सर्टिफिकेट की सॉफ्ट कॉपी छात्रों के डिजिलॉकर अकाउन्ट में अपलोड कर दी जाएगी। छात्रों को इसके लिए किसी तरह की फीस भी नहीं देनी होगी।

---